प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ राज्य के चार दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में उन्होंने आज रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरीडोर का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सेठ ने निर्माण कार्य को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे।

****

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार कल शाम होना है। इससे पहले राज्य सरकार कल विधानसभा में आहूत विशेष सत्र में अपना बहुमत हासिल करेगी। सत्र के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे से राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। सरकार में शामिल सभी मंत्री आयोजित समारोह में एक साथ शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा सरकार को विश्वासमत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं होगी। विश्वास मत में सरकार को घेरने और उसका जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक दल की बैठक आज होगी।

****

देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शिवगंगा तट से सटे एक पुराना तीन मंज़िला मकान अहले सुबह ज़मींदोज़ हो गया, इसमें 12 लोग अंदर फंस गये। इसमें से पांच लोग सुरक्षित बाहर आ गए। इसके बाद देवघर के उपायुक्त विशाल सागर एनडीआरएफ की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत तथा बचाव अभियान चलाया। करीब सात घंटे के अभियान के बाद 9 लोगों को बाहर निकाला जा सका। इनमें तीन लोगों की मौत की खबर भी सामने आ रही है, लेकिन अभी तक जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। जिले के उपायुक्त ने कहा कि यह मकान कमजोर था और मकान मालिक ने सुरक्षा को ध्यान में न रखकर इसमें कंस्ट्रक्शन करना शुरू किया, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

****

गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के धावाटांड़ में एक ही परिवार के दो बच्चों के शव एक नाले से बरामद हुआ है। मृतकों की मां सोना देवी और एक दस माह का बच्चा गायब है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरटांड़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गायब महिला और दस माह के बच्चे की तलाश में जुट गई ळें

****

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पैकेट बंद खाद्य पदार्थों पर चीनी, नमक और संतृप्त वसा संबंधी जानकारी स्पष्ट अक्षरों में अंकित करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में कल लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व चंद्र ने की।

****

तीन नये कानूनों की जानकारी देने के लिए रामगढ़ जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

****

भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार शाम साढे चार बजे से शुरू होगा। आकाशवाणी से मैच का जीवन्त प्रसारण चार बजे से एफएम रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित किया जाएगा। इधर, महिला क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी–20 मैच आज शाम सात बजे से चेन्नई में खेला जायेगा।

****

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा तेज़ वर्षा के अलर्ट के कारण आज स्थगित रहेगी। गढवाल के संभागीय आयुक्तय विनय शंकर पांडे ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उन्होंने वर्षा और भूस्खरलन के कारण यात्रियों से ऋषिकेश से आगे यात्रा न करने और मौसम साफ होने पर ही आगे बढने की सलाह दी है।

****

राज्य के कई स्थानों पर आज हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि कल और परसों भी राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। राज्य में कहीं कहीं वज्रपात की भी चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है।

*******समाप्त*******